प्रेस नोट दिनांक 29.10.2026 जनपद प्रतापगढ़

थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़

चोरी की घटना का सफल अनावरण, चोरी के सामान सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में थाना उदयपुर पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से संबंधित 02 अभियुक्तों, मुकेश यादव व रमेश विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया, 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल, कांसे-पीतल के बर्तन व साड़ियां, ब्लाउज, पेटीकोट बरामद-

घटना का संक्षिप्त विवरण-
वादी रवीन्द्र शुक्ल निवासी ग्राम मसनी, थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 26.07.2026 को अपनी पत्नी के साथ दिल्ली चले गए थे तथा घर में ताला बंद कर दिया था। दिनांक 27.10.2026 को वापस आने पर घर के अंदर कमरे का ताला टूटा हुआ तथा सामान अस्त-व्यस्त मिला। कमरे में रखे कांसे व पीतल के खखरे, पीतल की थाली व गिलास तथा पत्नी की 4-5 नई साड़ियां अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थीं। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना उदयपुर में मु0अ0सं0 202/2026 धारा 305ए बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में चोरी की घटनाओं के अनावरण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री बृजनन्दन राय एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री राजीव द्विवेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी उदयपुर श्री दीपनारायण के नेतृत्व में थाना उदयपुर के उ0नि0 अमित द्विवेदी मय हमराह का0 रवि कुमार, का0 जीयन कुमार व का0 अखिलेश कुमार पाण्डेय द्वारा क्षेत्र में देखभाल एवं वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 202/2026 धारा 305ए/317(2) बीएनएस से संबंधित 02 अभियुक्तों को थाना उदयपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पिंजरी से सैंठा की ओर जाने वाली डामर रोड पर तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-
1. मुकेश यादव पुत्र रामफेर यादव, उम्र करीब 32 वर्ष, निवासी ग्राम पूरे मालाधारी मसनी, थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़।
2. रमेश विश्वकर्मा पुत्र छेदीलाल, उम्र करीब 42 वर्ष, निवासी ग्राम मिश्रौली बढ़ईपुर, थाना संग्रामपुर, जनपद अमेठी।

बरामदगी का विवरण-
अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल व एक सफेद बोरी में 01 अदद कांसे का बड़ा पतीला (खखरा), 01 अदद पीतल का बड़ा पतीला (खखरा), पतीले के 02 अदद पीतल के कुण्डे एवं 01 अदद पीतल की थाली बरामद हुई। इसके अतिरिक्त एक झोले से 01 अदद भूरे रंग की नेट साड़ी, जिस पर सुनहरे फूल बने हैं, 01 अदद सुनहरा ब्लाउज, 01 अदद नारंगी छींटदार साड़ी, 01 अदद नीली साड़ी जिस पर सुनहरे फूल बने हैं, 01 अदद नीला ब्लाउज, 01 अदद नीला पेटीकोट, 01 अदद बैंगनी कढ़ाईदार साड़ी, 01 अदद बैंगनी ब्लाउज, 01 अदद बैंगनी पेटीकोट, 01 अदद हरी

कढ़ाईदार साड़ी एवं 01 अदद हरा ब्लाउज बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

पूछताछ का विवरण-
पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने गांव के ही दीपक विश्वकर्मा पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम मसनी, थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़ के साथ मिलकर करीब एक माह पूर्व रात के समय रवीन्द्र शुक्ल के घर का ताला तोड़कर चोरी की थी। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। चोरी किए गए सामान को उन्होंने पिंजरी गांव के पास कूड़ाकर के निकट झाड़ियों में छिपा दिया था। चोरी में मिले पीतल के एक गिलास व कटोरी को घटना के दो-तीन दिन बाद गांव से गुजर रहे एक कबाड़ी को बेच दिया था तथा प्राप्त रुपये नशे में खर्च कर दिए थे। अभियुक्तों ने बताया कि दीपक विश्वकर्मा करीब एक सप्ताह पूर्व मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में जेल चला गया है तथा वे शेष सामान को बेचने के उद्देश्य से गौरीगंज की ओर जा रहे थे।

आपराधिक इतिहास-
1- अभियुक्त रमेश विश्वकर्मा पुत्र छेदीलाल विश्वकर्मा, निवासी ग्राम बढ़पुर, बढ़ईपुर मिश्रौली, थाना संग्रामपुर, जनपद अमेठी, उम्र करीब 42 वर्ष-
1. मु0अ0सं0 369/2004, धारा अज्ञात, थाना संग्रामपुर, जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 15/2019, धारा 323/506 भादवि, थाना संग्रामपुर, जनपद अमेठी।
3. मु0अ0सं0 17/2010, धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट, थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़।
4. मु0अ0सं0 272/2009, धारा 60 आबकारी अधिनियम, थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़।
5. मु0अ0सं0 202/2026 धारा 305ए बीएनएस, थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़।

02- अभियुक्त मुकेश यादव पुत्र रामफेर, निवासी ग्राम मालाधारी का पूरवा मसनी, थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़, उम्र करीब 32 वर्ष-
1. मु0अ0सं0 56/2017, धारा 354(ख) भादवि व 3(1)(10) एससी/एसटी एक्ट, थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़।
2. मु0अ0सं0 202/2026 धारा 305ए बीएनएस, थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 अमित द्विवेदी, का0 रवि कुमार, का0 जीयन कुमार एवं का0 अखिलेश कुमार पाण्डेय, थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़।